80 कार्य ऐसे हैं जो वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बावजूद चालू नहीं हुए : कलेक्टर

- डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग कमेटी की बैठक आयोजित
- गत गवर्निंग काउंसिल की बैठक में जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियों में से अब तक प्रारम्भ नहीं हुए कार्यों के संबंध में पुनः समीक्षा की गई

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग कमेटी की बैठक को संबोधित किया।

बीकानेर,(कासं)। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की गर्वनिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल तथा कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी सहित काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर गत गवर्निंग काउंसिल की बैठक में जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियों में से अब तक प्रारम्भ नहीं हुए कार्यों के संबंध में पुनः समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि ऐसे 80 कार्य हैं, जो पूर्व में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बावजूद चालू नहीं हुए हैं। इनमें से 47 कार्यों को निरस्त करने की स्वीकृति संबंधित विभाग द्वारा प्राप्त हो गई है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में ट्रस्ट के पास लगभग 49 करोड़ रूपए बजट है तथा जनप्रतिनिधियों एवं विभागों द्वारा 378 कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें चिकित्सा और शिक्षा से जुड़े प्रस्ताव प्राथमिकता से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए सभी सरकारी स्कूलों में टीनशेड बनाने और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सीबीसी एवं सेमी ऑटो एनालिसिस मशीनें उपलब्ध करवाने का कार्य डीएमएफटी से किया जायेगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध बजट की तुलना में तीन गुनी राशि के कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की जायेगी। स्वीकृत कार्यों की उपयोगिता और नॉर्म्स के अनुसार जांच करते हुए वित्तीय स्वीकृतियां दी जायेगी। इसके बाद कार्य प्रारम्भ किए जायेंगे। जिला कलेक्टर ने पूर्व में स्वीकृत और प्रगरित कार्यों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। वहीं नव स्वीकृत होने वाले कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए कहा।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का बेहतर उपयोग हो। वास्तविक आवश्यकता और प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जाएं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी से जुड़े प्रस्तावों के बारे में बताया। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि डीएमएफटी फंड का अधिक से अधिक उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए किया जाए। उन्होंने माइनिंग प्रभावित क्षेत्रों में सीसी रोड प्राथमिकता से बनाए जाने की बात कही।

खनि. अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित ने डीएमएफटी के तहत पूर्व में स्वीकृत कार्यों और वर्तमान प्रस्तावों के बारे में बताया। उन्होंने अब तक चालू नहीं हुए पूर्व स्वीकृत कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता विवेक गोयल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार, कोषाधिकारी धीरज जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक 30 को : जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक 30 दिसम्बर को सायं 4 बजे जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सचिव ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 7 को : मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 7 जनवरी को किया जायेगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना ने दी। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को गुरू गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी के स्थान पर 7 जनवरी को किया जायेगा।

2200 नशीले कैप्सूल सहित दबोचा

अनूपगढ़,(कासं)। जिले के एसपी रमेश मौर्य के निर्देशन पर पुलिस द्वारा अवैध नशे को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। देर शाम को अनूपगढ़ पुलिस ने नशीली गोलियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2200 प्रेगाबलीन नशीले कैप्सूल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसआई सरदार सिंह मीणा ने बताया-गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गांव बांडा कॉलोनी के पास एक लड़का भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल लेकर अनूपगढ़ की ओर जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक लड़का मोटरसाइकिल से बांडा कॉलोनी की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। जब बाइक चालक को रूकवा कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र जगदीश कुमार निवासी चक 25 पीएस रायसिंहनगर होना बताया। पुलिस ने जब आरोपी दिनेश कुमार की तलाशी ली तो उसके बैग से प्रेगाबलीन 2200 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

पुलिस ने मौके पर ही नशे के कैप्सूलों को कब्जे में लेकर आरोपी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। एसआई सरदार सिंह मीणा ने बताया कि यह आरोपी रायसिंहनगर से ही एक व्यक्ति के कहने पर कैप्सूल अनूपगढ़ रायसिंहनगर चौराहे पर किसी व्यक्ति को देने के लिए आया था। पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार के खिलाफ धारा 223 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

रिफिलिंग मशीन सहित सिलेंडर जब्त

शिवबाड़ी क्षेत्र के डेयरी मोहल्ला में रसोई गैस की अवैध रिफिलिंग करते मशीन व सिलेंडर जब्त किए।

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार एलपीजी के दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए चलाये गए अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव, दीपक पूनिया तथा राहुल गुलानी ने निरीक्षण के दौरान शिवबाड़ी क्षेत्र के डेयरी मोहल्ला में कार्रवाई करते हुए 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रोनिक कांटा तथा 2 गैस रिफिलिंग मशीन जब्त किए। इसी प्रकार नागणेची मंदिर के पास सुदर्शना नगर में 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 इलेक्ट्रोनिक कांटा एवं 1 गैस रिफिलिंग मशीन तथा श्रीराम अस्पताल के सामने से 1 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 इलेक्ट्रोनिक कांटा एवं 1 गैस रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इन चारों प्रकरणों में आरोपियों के विरूद्ध एलपीजी अधिनियम, 2000 के खंड सं. 3,4,5 व 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जब्त की सामग्री को निकटतम गैस एजेंसियों के गोदामों में सुरक्षित रखने हेतु पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त जिन आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। उनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आमजन भी इस अभियान में सहयोग करें। उन्हें कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग होता दिखाई दे तो रसद विभाग के कार्यालय के दूरभाष 0151-2226010 पर सूचित करें, जिससे तुरंत कार्रवाई की जा सके।

देहदान, अंगदान के लिए प्रेरित किया

समाजसेवी डॉ. अर्पणा गुप्ता ने देहदान, अंगदान संगोष्ठी के पोस्टर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। शास्त्री नगर कार्यालय में सर्व मानव कल्याण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति देहदान तथा अंगदान जागृति हेतु आयोजित की जा रही संगोष्ठी का पोस्टर विमोचन किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश रावत ने बताया कि 29 दिसम्बर को सामुदायिक भवन पवनपुरी दक्षिण विस्तार नागणेची मंदिर के सामने दोपहर तीन से पांच बजे तक इसका आयोजन किया जायेगा। पोस्टर विमोचन पर समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा अंगदान का संकल्प लेना एक महान कार्य है। अंगदान से एक व्यक्ति अपने निधन के बाद भी समाज की सेवा कर सकता है। इस वर्ष जिस परिवारों ने अपने परिजनों की देह को मेडिकल शिक्षा हेतु देहदान किया, जिन लोगों ने देहदान का प्रण लिया और जिन परिवारों ने अंगदान किए हैं उनका परिचय तथा उनसे वार्तालाप की जायेगी। इस संदर्भ में किसी को किसी प्रकार की भ्रांति भी हो तो उसका भी निवारण करने का मौका मिलेगा। सचिव प्रवीण चावला ने बताया कि समिति ने 2017 से अपना कार्य शुरू किया है तथा अब तक 138 व्यक्ति देहदान का संकल्प ले चुके हैं तथा इनमें से आठ का देहदान किया भी जा चुका है। समिति के नरेंद्र पारीक ने बताया कि इसके साथ-साथ अंगदान का संकल्प भी 78 व्यक्ति ले चुके हैं। कार्यकारिणी की बैठक में सुनील गुप्ता नरेन्द्र पारीक, नीरज रावत अंजू सोनी ज्योत्सना, लता चावला तथा जावेद जोईया ने भाग लिया।

रिश्ता करवाने वाले से मारपीट

हनुमानगढ़, (कासं)। गोलूवाला पुलिस थाने में दो नामजद व एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने और नकदी छीनने का मामला दर्ज कराया। ससुराल वालों से चल रहे मनमुटाव को लेकर एक व्यक्ति ने दो अन्य के साथ मिलकर रिश्ता करवाने वाले व्यक्ति के साथ खेत में घुसकर मारपीट की। 1 लाख 30 हजार रूपए की नकदी छीन ली। आस-पड़ौस के लोगों के मौके पर आने पर आरोपी गाड़ियों में सवार होकर भाग गए। इस संबंध में गोलूवाला पुलिस थाना में दो नामजद व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार राहुल (23) पुत्र सुभाष जाट निवासी कान्हेवाला ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट मे बताया कि उसके पिता गाय-भैंसों के व्यापारी हैं। वह व उसके पिता गाय-भैंस देखकर वापस अपने खेत में आकर काश्त करने लगे। उसके पिता खेत में उम्मेवाला पुलिया के पास खड़े थे। वह थोड़ा आगे फसल देखने चला गया। पीछे से अपराह्न करीब 3 बजे दो कैम्पर गाड़ियों खेत में आकर रूकी। दोनों गाड़ियों पर जांगू लिखा हुआ था। इन गाड़ियों से उतरे तीन लोगों ने खेत में घुसकर उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके पिता ने शोर मचाया तो वह भागकर मौके पर पहुंचा। सुरेन्द्र जांगू पुत्र बलवीर जांगू, दीपेश जांगू निवासी हरदयालपुरा व एक अन्य उसके पिता के साथ मारपीट कर रहे थे। सुरेन्द्र जांगू ने उसके पिता के सिर में लोहे की रॉड से वार किया। मौके पर आस-पड़ौस के लोगों को आते देखकर सुरेन्द्र वगैरा उसके पिता की जेब में रखे 1 लाख 30 हजार रूपए की नकदी छीनकर गाड़ियों में सवार होकर भाग गए। राहुल के अनुसार उसके पिता ने सुरेन्द्र जांगू का रिश्ता करवाया था। सुरेन्द्र जांगू का अपने ससुराल पक्ष के साथ मनमुटाव चल रहा है। इसलिए वह उनके साथ रंजिश रखता है।

जोईयांवाली के ग्रामीणों ने वनपाल को बनाया बंधक

- दो थानों की पुलिस की समझाइश के बाद मानें ग्रामीण तब वनपाल को छुड़वाया
- अनूपगढ़ के जैतसर थाना क्षेत्र के गांव 11 जोईयांवाली में एक मकान में मांस बरामद करने गई थी वन विभाग की टीम

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ जिले के जैतसर थाना क्षेत्र के गांव 11 जोईयांवाली में मकान में मांस बरामद करने गई वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा।

यहां टीम के लोग तो लौट गए लेकिन वनपाल अपनी कार में ही बैठे रहे। उन्हें ग्रामीणों ने कार में बंधक बना लिया। बाद में जैतसर और श्रीबिजयनगर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया तो ग्रामीण मानें और वनपाल को छुड़वाया। वन विभाग की टीम को गांव 11 जोईयांवाली में एक घर में मांस मिलने की सूचना मिली थी। इस पर वन विभाग की टीम क्षेत्रीय वन अधिकारी पंकज लूनीवाल के नेतृत्व में गांव में पहुंची और रामकिशन पुत्र तेजाराम के घर में छुपाया 60 किलो मांस बरामद कर लिया। टीम ने यहां से लालूराम बावरी, रामकृष्ण बावरी और कृष्ण बावरी को गिरफ्तार किया और टीम लौट गई। टीम ने जब गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ की तो सामने आया कि गांव में कई घरों में मांस छुपाया हुआ है। इस पर टीम वनपाल राजीव बिश्नोई और अन्य कर्मचारियों के साथ एक बार फिर गांव में पहुंची। इस बार टीम ने घरों में जाकर सर्च किया तो ग्रामीण वन विभाग की टीम के खिलाफ हो गए।

लोगों का विरोध देखते हुए 4 वाहनों में आई वन विभाग की टीम तो मौके से रवाना हो गई, लेकिन वनपाल राजीव बिश्नोई कार में बैठे रह गए। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। उन्हें कार में ही बंधक बना लिया गया। वनपाल को बंधक बनाने की सूचना मिलने पर एसएचओ इमरान खान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की टीम ने घर-घर सर्च किया और महिलाओं से अपशब्द भी कहे। इस पर ग्रामीणों ने विरोध किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर वनपाल बिश्नोई को छुड़वाया।

खाखी बाबा की बरसी पर पंचामृत अभिषेक

बीकानेर, (कासं)। संत खाखी बाबा महाराज बरसी पर आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव के अंतिम दिन नत्थूसर गेट के बाहर राजरंगा बगेची स्थित बाबा की समाधि स्थल पर पंचामृत अभिषेक महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

राजरंगा पंचायती ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी कमल रंगा ने बताया कि आध्यात्मिक महोत्सव के तीसरे दिन पंडित डूंगरदत्त रंगा के सानिध्य में सोहित रंगा, प्रेम पुरोहित, यशवेन्द्र व्यास, खुश किराडू, शिवांश रंगा एवं हिमांशु पुरोहित ने अभिषेक के साथ रूद्रा पाठ करते हुए बाबा के समाधि स्थल पर भव्य श्रृंगार के साथ पंचामृत अभिषेक किया। शिव्यांग रंगा ने सस्वर गीता पाठ किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष इन्द्रजीत रंगा ने बताया कि संध्या के समय विधि-विधान से बाबा के समाधि स्थल पूजन एवं उनके खड़ाऊ पूजन के साथ महाआरती की गई।

56 केन्द्रों पर आज से वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा

- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक नियुक्त किए

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग) 28 से 31 दिसम्बर तक जिले के 56 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित की जायेगी।

परीक्षा समन्वयक तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रत्येक केन्द्र पर पर्याप्त वीक्षक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के लिए 56 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इनमें 25 सरकारी और 31 निजी परीक्षा केन्द्र हैं। प्रत्येक निजी परीक्षा केन्द्र पर दो तथा सरकारी परीक्षा केन्द्र पर एक-एक आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

पहली पारी की परीक्षा प्रातः 9:30 से 12 तथा दूसरी पारी दोपहर ढाई से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा को निर्बाध रूप से आयोजित करने के लिए 10 फ्लाइंग स्क्वायड गठित किए गए हैं। प्रत्येक स्क्वायड में राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा का एक-एक सदस्य तथा शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक स्तर पर अधिकारी को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। एडीएम (सिटी) ने बताया कि 28 दिसम्बर को पहली पारी में 7 हजार 868, दूसरी पारी में 5 हजार 889, 29 दिसम्बर को पहली पारी में 18 हजार 985, दूसरी पारी में 2 हजार 588, 30 दिसम्बर को पहली पारी में 3 हजार 143 तथा दूसरी पारी में 949 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

श्रीडूंगरगढ़, महाजन व अरजनसर में कोहरा

- बीकानेर शहर में सुबह छह- सात बजे तक हल्का कोहरा रहता है

बीकानेर, (कासं)। कड़ाके की सर्दी का अभी भी इंतजार हो रहा है। दिसम्बर का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी न्यूनतम तापमान अभी नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। कड़ाके की सर्दी दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक पड़ने की उम्मीद थी लेकिन अभी इसका इंतजार है।

बीकानेर के चूरू और श्रीगंगानगर से सटे क्षेत्र में सर्दी का असर ज्यादा है। यहां तापमान में भी बीकानेर शहर की तुलना में ज्यादा गिरावट है। सर्दी के कारण श्रीडूंगरगढ़, महाजन व अरजनसर क्षेत्र में कोहरा है। बीकानेर शहर में सुबह छह- सात बजे तक हल्का कोहरा रहता है। मौसम विभाग ने बीकानेर में दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में कोहरे की आशंका जताई थी। अब तक एक बार रिमझिम बारिश हुई है, जिसके बाद तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट मौसम विभाग के तापमापी में नहीं आई है।

दिसम्बर के अंतिम दो-तीन दिन से सर्दी और बढ़ सकती है। बीकानेर में तापमान जनवरी के पहले सप्ताह तक पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे आने की उम्मीद की जा रही है। कोहरे के कारण श्रीडूंगरगढ़ और अरजनसर क्षेत्र में दृश्य क्षमता कम हो गई है। एक-दो दिन में कोहरा व सर्दी बढ़ सकती है।

चार मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

बीकानेर, (कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाये जाने पर चार मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किये गए हैं।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेन्द्र कुमार केदावत ने बताया कि तिलक नगर स्थित आर्य मेडिकल सेंटर का अनुज्ञा पत्र 3 दिन के लिए, दंतौर स्थित गुर्जर मेडिकल एंड जनरल स्टोर एवं श्रीडूंगरगढ़ स्थित भगत सिंह मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 26 दिसम्बर से 4 जनवरी तक 10 दिन के लिए तथा सर्वोदय बस्ती स्थित बीकाणा मेडिकोज का अनुज्ञा पत्र 26 दिसम्बर से 9 जनवरी तक 15 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं। इन सभी मेडिकल स्टोर्स पर जांच में अनियमितता पाई गई।

मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसजनों ने जताया शोक

- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों ने देश को नई दिशा दी

बीकानेर, (कासं)। देश में आर्थिक सुधारों के महानायक पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद मिढ्ढा व कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मिढ्ढा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश में आर्थिक सुधारों के नायक डॉ. मनमोहन सिंह सरल मन के आदमी थे। वे देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य करते हुए जून 1991 में लाइसेंस राज खत्म किया। जून 2005 में सूचना का अधिकार दिया।

सितम्बर 2005 में ग्रामीणों को मनरेगा कार्यक्रम दिया। 2009 में आधार और आरटीई दिया। और 2006 में न्यूक्लियर डील अमेरिका करार परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दी। बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुंसगत ने बताया कि कहा डॉ. मनमोहन सिंह ने 1991 में आर्थिक सुधारों के माध्यम से देश को वित्तीय संकट से बाहर निकाला और भारत को वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित किया। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में भारत ने अभूतपूर्व विकास दर हासिल की।

देश के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सादगीपूर्ण जीवन, अद्वितीय नेतृत्व और आर्थिक नीतियों से भारत को नई दिशा दी। उनका योगदान देश के विकास में अविस्मरणीय रहेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी अनवर अजमेरी, पूर्व पार्षद रमजान कच्छावा, जस्सूसर मंडल अध्यक्ष इस्माइल खिलजा, यूथ कांग्रेस महासचिव मोहम्मद शोएब यूथ कांग्रेस सचिव इमरान लोधी, शाकिर चोपदार ने दुख प्रकट किया है। पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने कहा मनमोहन सिंह के निधन से भारत को ही नहीं बल्कि विश्व ने एक अर्थशास्त्र का एक जनक खो दिया है जिसकी कमी पूरे विश्व को रहेगी।

नोखा में टी आकार में नवली गेट ओवरब्रिज की मांग, संघर्ष समिति का धरना जारी

- 30 दिसम्बर को नोखा में महापड़ाव को कई गांवों के लोगों ने दिया समर्थन

नवली गेट ओवरब्रिज संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ज्ञापन सौंपा।

नोखा,(कासं)। नोखा में नवली गेट ओवरब्रिज संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा धरना शुक्रवार को 12 वें दिन भी जारी रहा।

समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट लेखराम चौहान ने बताया कि संयोजक मगनाराम केड़ली के नेतृत्व में नोखा क्षेत्र के नोखा गांव, भामटसर, पारवा, रासीसर जेगला, जांगलू, पीथरासर, जयसिंहदेसर मगरा, बंधाला, ढिंगसरी, साठिका, कुम्भासरिया, रातडिया, नाथूसर आदि गावों में जनसंपर्क कर लोगों से जन समर्थन लिया। इस दौरान जेगला गांव के सैकड़ों लोगों ने जनसभा करके अपना जन समर्थन दिया और कहा कि हम हर हाल में अपने नेता के साथ है और 30 दिसम्बर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नोखा पधार कर महापड़ाव को सफल बनायेंगे।

इस दौरान जनसभा में गणपतराम बरोड़, रामचंद्र बरोड़ रामदयाल बरोड़,आदुराम बरोड़, मामराज बरोड़, सुनील बरोड़, लाभूराम बरोड़,भागीरथ जेगला, गंगाविशन गोदारा, भागीरथ दुगरीया, डॉक्टर राकेश, पूर्व सरपंच लक्ष्मणराम बरोड़, बनवारीलाल गोदारा, मनोज कुमार पूनिया, हरिराम पूनिया, हरिकिशन बरोड़, तुलसाराम मेघवाल, मदनलाल बरोड़ आदि लोग मौजूद रहे।

नाथूसर गांव के लोगों ने जनसभा रखी गई और अपना जनसमर्थन दिया। इस दौरान संयोजक मगनाराम केड़ली व मीडिया प्रभारी एडवोकेट लेखराम चौहान का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नाथूसर सरपंच प्रतिनिधि बजरंग सिंह खुमाराम राड़, शेराराम मेघवाल, शंकरलाल मेघवाल, जेठू सिंह, ईश्वर राम शर्मा, मांगू सिंह, चूतरसिंह, कैलाश बरोड़, गंगाराम बारूपाल, भोमाराम लोहार, रामचद्र लखारा, भगवान सिंह भाटी सहित लोग मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सलूण्डिया पंचायत समिति नोखा(बीकानेर)
क्रमांकः-28-29 दिनांकः-26.12.24
निविदा सूचना04/2024-25
ग्राम पंचायत सलूण्डिया में विभिन्न कार्यों के लिए मय डिफेकट लाईबिलिटी 02वर्ष की अवधि के जो निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 30.12.2024 तक निविदा प्रक्रिया द्वारा (ऑफलाईन निविदा) आमन्त्रित की जाती है। कार्य एवं निविदा संबंधी विस्तृत विवरण कार्यालय ग्राम पंचायत सलूण्डिया एवं http:sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
UBN NO PGP202425GSOB00254
रीना सोलंकी — ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा पंचायत सलूण्डिया, पं.सं.नोखा(बीकानेर)
सुमित्रा — सरपंच, ग्राम पंचायत सलूण्डिया, पं.स.नोखा(बीकानेर)